**अनदेखी** | पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के बीच उलझा समाधान, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# प्रशासनिक खींचतान के बीच नासूर बना जानलेवा गड्ढा



**कोतमा नवभारत 21 अप्रैल।** कोतमा से बसखली तिराहा एनएच(एनएच-43) को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर एक ऐसा गड्ढा उभर आया है जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। विडंबना यह है कि सड़क की मरम्मत को लेकर दो सरकारी विभाग—लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकार क्षेत्र की उलझन में फंसे हुए हैं, जबकि आम नागरिक अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। कुछ समय पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नेशनल हाईवे 43 से कोतमा बस स्टैंड, मुखर्जी चौक होते हुए शुक्ला ढाबा तक सड़क का निर्माण कराया गया था।

### विशाल और गहरा गड्ढा साबित हो रहा डेथ ट्रैप

वर्तमान में लगभग 95 रोड की स्थिति संतोषजनक है। समस्या जायसवाल कबाड़ से शुक्ला ढाबा की ओर जाने वाली उस सड़क पर है जो एनएच 43 से मिलती है। यहां एक विशाल और गहरा गड्ढा हो गया है, जो तेज रफ्तार वाहनों के लिए 'डेथ ट्रैप' साबित हो रहा है। इस गड्ढे की मरम्मत को लेकर स्थानीय लोगों और विभागों के बीच मतभेद की स्थिति बनी हुई है।

### वस्तुस्थिति की जांच कर रहे : पीडब्ल्यूडी

नेशनल हाईवे के ठेकेदार का तर्क है कि हाईवे के केंद्र से केवल 30 मीटर तक की जिम्मेदारी उनकी होती है। उनके अनुसार, यह गड्ढा निर्धारित सीमा के बाहर है।दूसरी ओर, पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर का कहना है कि वे वस्तुस्थिति की जांच कर रहे हैं। यदि यह हिस्सा उनके अधिकार क्षेत्र में आता है, तो वे तत्काल मरम्मत कराएंगे।

**इनका कहना है**

यह गड्ढा यकीनन दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। हमने टीम को मौके पर भेजकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए हैं। यदि यह एनएच के अंतर्गत नहीं आता है, तो पीडब्ल्यूडी इसे प्राथमिकता से बनवाएगा ताकि जनता को परेशानी न हो।

**इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी विभाग**

### प्रशासन जनहित में कार्य करे, विभागों में नहीं उलझे

स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग चाहे जो भी हो, सड़क की मरम्मत प्राथमिकता होनी चाहिए। रात के अंधेरे में यह गड्ढा नजर नहीं आता, जिससे दुपहिया वाहन चालक आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि कागजी कार्रवाई और 'सीमा विवाद' को किनारे रखकर प्रशासन जनहित में इस जानलेवा गड्ढे को जल्द से जल्द भरवाए।




# चौकी प्रभारी पर हमला कर रिवाल्वर छीनी

▸ **पुलिस अधीक्षक ने कहा- आरोपियों की तलाश में दो टीमें रवाना, शीघ्र पकड़े जायेंगे**

**अनूपपुर नवभारत 21 अप्रैल।** जिले की सरई पुलिस चौकी प्रभारी मंगला दुबे पर अमगवां ग्राम पंचायत में मंगलवार की दोपहर अज्ञात युवकों ने सिर पर ईंट से हमला कर घायल कर उनकी सर्विस रिवाल्वर छीनकर फरार हो गए।

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोति उर रहमान ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच हुई। अमगवां में एक दुकान के सामने तेजी के साथ दो पहिया वाहन से तीन बाहरी लड़के निकले और उपद्रव मचा रहे थे। युवक सरई की ओर जा रहे थे तब सरपंच ने इसकी सूचना चौकी प्रभारी को दी, सामने से पुलिस को आता देख युवकों ने चौकी प्रभारी एवं आरक्षक पर पत्थर से वार किया, जिससे चौकी प्रभारी मंगला दुबे के सिर पर चोट आयी।

### चोट लगते ही चौकी प्रभारी जमीन पर गिर पड़े

चोट लगने से चौकी प्रभारी जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद, एक अन्य युवक ने उनकी कमर में बंधी सर्विस रिवाल्वर निकालकर छीन ली और सभी फरार हो गए। साथ ही एक आरक्षक भी घायल होने की जानकारी हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे अन्य पुलिसकर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल चौकी प्रभारी मंगला दुबे को शहडोल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

### हमलावरों की पहचान नहीं हो पायी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अज्ञात उपद्रवी युवक उमरिया जिले के हो सकते हैं। घटनास्थल के आसपास कोई सीसीटीवी या मोबाइल फुटेज उपलब्ध नहीं होने के कारण अब तक हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें रवाना की गई हैं और मामले की जांच-पड़ताल जारी है।

# ग्रामीण अंचलों में बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों का विवाह रचाया



**कोतमा नवभारत 21 अप्रैल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर कोतमा नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों के बच्चों में गुड्डे गुड़ियों के विवाह को लेकर उत्साह देखा गया।

नगर में जगह जगह बच्चों के द्वारा गुड्डे गुड़ियों का प्रतीकात्मक विवाह रचाया गया। जिस दौरान बच्चों के द्वारा मंडली बनाकर मंदिर से बारात निकाली गई। घंटी व बर्तन को बजाते हुए बारात विवाह वाले घर तक पहुंची। बच्चों ने अपने अपने घरों से लाए व्यंजनों का आपस में एक दूसरे को खिलाते हुए पार्टी मनाई। विदित रहे कि अक्षय तृतीया के दिन को विशेष विवाह मुहूर्त माना जाता है जिस दिन बगैर मुहूर्त के ही विवाह होता है।

### बच्चों ने सजाया छोटा सा मंडप

अक्षिता ताम्रकार, वानशी, शानवी, गौरी, अनन्या, अर्जित आदि बच्चों ने बताया कि उन्होंने दो दिन से तैयारी में लगे रहे। बाजार से सुंदर गुड्डे-गुड़ियों को खरीद कर छोटा सा मंडप सजाया, जिसमें आम के लकड़ी व पत्तों से मंडप सजाने के बाद दिनभर विवाह की तैयारी में जुटे रहे। शाम को छोटी मंदिर से बाजे के साथ बारात निकाली गई। बारात में बच्चे जमकर झूमते नाचते रहे। शादी के बाद सभी बच्चों ने एक साथ बैठकर पार्टी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## अजय सिंह राहुल का आज होगा अनूपपुर आगमन

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष एवं कटनी जिले के प्रभारी मयंक त्रिपाठी ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के अनूपपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं से जोरदार स्वागत की अपील की है। उन्होंने बताया कि 22 तारीख की सुबह राहुल भैया अमरकंटक होते हुए राजेंद्रग्राम मार्ग से अनूपपुर जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। मुख्यालय में उनके द्वारा जिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीतियों पर चर्चा होगी। बैठक के बाद वे जिले के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे और संगठन को नई दिशा देने का प्रयास करेंगे। मयंक त्रिपाठी ने कहा कि अजय सिंह राहुल भैया का यह दौरा कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अजय के दौरे से पहले कांग्रेस में घमासान, गुटबाजी उजागर

**अजय सिंह राहुल के कार्यक्रम से संजू मिश्रा-आशीष मिश्रा का नाम कटा**





**जमुना कोतमा नवभारत 21 अप्रैल।** अजय सिंह राहुल भैया के 22 अप्रैल को प्रस्तावित अनूपपुर दौरे से पहले ही कांग्रेस संगठन में गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। पहले जारी कार्यक्रम में उनका पसान स्थित कांग्रेस नेताओं संजू मिश्रा-आशीष मिश्रा के निवास पर आगमन तय था, लेकिन बाद में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) भोपाल द्वारा जारी संशोधित सूची में इस दौरे को हटा दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार, पहले जारी सूची में दोपहर 2:30 बजे संजू मिश्रा-आशीष मिश्रा के निवास पर भेंट-मुलाकात का कार्यक्रम तय था, लेकिन दूसरे ही दिन जारी नई सूची में इस स्थान को हटाए जाने से स्थानीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली।

### सूची से नाम हटाना गलत

संजू मिश्रा-आशीष मिश्रा ने इस निर्णय पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं कोई आग्रह नहीं किया था, लेकिन जब आधिकारिक सूची में नाम शामिल था तो उसे हटाना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में गुटबाजी चरम पर है और इसी कारण पूर्व में नगर पालिका चुनाव में जीते पांच कांग्रेसी पार्षद भाजपा में शामिल हो गए।

### कांग्रेस की अंदरूनी कलह सामने आयी

उन्होंने यह भी दावा किया कि कुछ स्थानीय नेता चुनाव के दौरान भाजपा के पक्ष में सक्रिय रहे, जिसके प्रमाण उनके पास मौजूद हैं और समय आने पर सामने लाए जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जहां एक ओर राहुल भैया का दौरा संगठन को एकजुट करने की कोशिश है, वहीं दूसरी ओर पसान में उभरी यह खींचतान कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरियों को उजागर कर रही है।

## एक नजर में



### पेंशनरों ने समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर, नवभारत।** मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला अनूपपुर द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों की विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु राज्यपाल के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन कलेक्टर अनूपपुर के नाम दिलीप पांडेय को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के लाखों पेंशनर अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय शासन की सेवा में देने के बाद वर्तमान में आर्थिक, प्रशासनिक और स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। संगठन ने मांग की है कि पेंशनरों को कर्मचारियों के समान महंगाई राहत प्रदान की जाए तथा लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान किया जाए। मुख्य मांगो में छठे एवं सातवें वेतनमान के एरियर का त्वरित भुगतान, आयु आधारित अतिरिक्त पेंशन भत्ता लागू किया जाए, चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाने, सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ जारी किया जाए आदि शामिल है।



### पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को किया गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अपराधों पर नियंत्रण और चोरी के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत बिजुरी पुलिस ने एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के निर्देशन में की गई। मामले की जानकारी के अनुसार फरियादी कैलाश सोनी 56 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 सब्जी मंडी ग्राउंड के पास बिजुरी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 65 एमसी 1292 घर के सामने खड़ी की थी, जो कुछ समय बाद गायब हो गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाहन चोरी किए जाने की आशंका जताई गई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल से बिजुरी से कोरजा की ओर जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा।

### जिला पंचायत : सामान्य सभा की बैठक आज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत अनूपपुर की सामान्य सभा की बैठक 22 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी ने दी है। बैठक में जिले की पेयजल व्यवस्था एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही एमपीईबी अनूपपुर के कार्यों की समीक्षा तथा खाद्य आपूर्ति विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा जनपद पंचायत जैतहरी की बीपीडीपी वर्ष 2025-26 के अनुमोदन पर विचार किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष महोदया की




# सांख्यिकी शिक्षा से नवाचार को मिली नई दिशा

**इंगांराजविवि में विशेष व्याख्यान आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 21 अप्रैल।** जिले में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में मंगलवार को सांख्यिकी विभाग द्वारा नवाचार के लिए सांख्यिकी शिक्षा, अकादमिक जगत और भारतीय पेटेंट इकोसिस्टम के बीच सेतु विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. शंकर राव एम. (यूनिवर्सिटी ऑफ़ द पीपल, कैलिफ़ोर्निया, यूएस) रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि आज के दौर में नवाचार को बढ़ावा देने में सांख्यिकी की भूमिका तेजी से बदल रही है। साथ ही उन्होंने भारतीय पेटेंट इकोसिस्टम से इसके गहरे संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अकादमिक शिक्षा को वास्तविक जीवन के अनुप्रयोगों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, विशेष रूप से अनुसंधान, बौद्धिक संपदा और तकनीकी विकास के क्षेत्रों में।

### सांख्यिकी में कैरियर पर मार्गदर्शन दिया

प्रो. राव ने विद्यार्थियों को सांख्यिकी में कैरियर की संभावनाओं, उच्च शिक्षा के विकल्पों और प्रतिस्पर्धी माहौल में अंतर्विषयक ज्ञान के महत्व पर भी मार्गदर्शन दिया। छात्रों के साथ उनका संवाद सत्र काफी रोचक और ज्ञानवर्धक रहा, जिससे उन्हें अपने भविष्य को लेकर व्यावहारिक समझ मिली। इस अवसर पर डॉ. संजीव बख्शी, प्रो. सिद्धाराजू, डॉ. बालास्वामी, अर्चना चतुर्वेदी सहित विभाग के शोधार्थी और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# हाथियों ने फसल और घरों को पहुंचाया भारी नुकसान

**पांच हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण दहशत में**



**अनूपपुर, नवभारत 21 अप्रैल।** जिले में हाथियों की बढ़ती संख्या ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। छत्तीसगढ़ के कटघोड़ा क्षेत्र से एक और हाथी के प्रवेश के बाद जिले में अब कुल पांच हाथी सक्रिय हो गए हैं। इनमें से चार हाथी जैतहरी क्षेत्र के धनगवां बीट के जंगल में विचरण कर रहे हैं, जबकि एक दंतैल हाथी पिछले 14 दिनों से जिला मुख्यालय से करीब 7-8 किलोमीटर दूर खांड़ा जंगल क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है। हाथियों के समूह ने सोमवार रात जंगल से निकलकर आसपास के गांवों में जमकर उत्पात मचाया। पड़रिया पंचायत के भलुवानटोला में एक कच्चे मकान को तोड़ दिया गया, वहीं चोई गांव में भी घरों में घुसकर अनाज खाया और भारी तोड़फोड़ की।

### जनप्रतिनिधियों ने उठाई मांग


स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथियों से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए, पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिया जाए, हाथियों के नियंत्रण और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, हाथियों की लगातार बढ़ती आवाजाही से अनूपपुर जिले के कई गांवों में भय का माहौल बना हुआ है और लोग रात में जागकर अपनी जान-माल की सुरक्षा करने को मजबूर हैं।

### वन संपत्ति को भी पहुंचाया नुकसान

चोई गांव स्थित वृक्षारोपण क्षेत्र में हाथियों ने 40 से अधिक आरसीसी खंभे और 100 मीटर से ज्यादा फेंसिंग तार तोड़ दिए। दिन के समय ये हाथी सोन नदी और संतोख नाला में पानी पीने और नहाने के बाद जंगल में लौट गए। खांड़ा क्षेत्र में विचरण कर रहा दंतैल हाथी भी लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, गश्ती दल के साथ पहुंचे लोगों पर भी हाथी ने हमला करने की कोशिश की, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

**जनसुनवाई** | सीईओ जिला पंचायत ने जनसुनवाई में 47 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

# समस्याओं का संतोषजनक निराकरण प्राथमिकता



**अनूपपुर, नवभारत 21 अप्रैल।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने 47 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे और आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

### कृषक मित्र सूर्य योजना का लाभ दिलाया जाए

जनसुनवाई के दौरान तहसील कोतमा के ग्राम विचारपुर निवासी चन्द्र कुमार उपाध्याय ने नक्शा तरमीम कराने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम लमसरई निवासी हरि सिंह ने प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सरई निवासी सन्तू बाई चर्मकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु भूमि अधिग्रहण पर मुआवजा दिलाने तथा ग्राम सिलवारी निवासी जहनवती ने पीएम जन-मन आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग रखी।

### आधार कार्ड में नाम सुधार कराने की मांग

इसी तरह तहसील अनूपपुर के ग्राम अमलई पयारी क्रमांक-01 निवासी कौशल्या बाई केवट ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, तहसील जैतहरी के ग्राम गोरसी निवासी सृजल सिंह राठौर ने आधार कार्ड में नाम सुधार कराने तथा बदरा निवासी श्री शेषनाथ पासवान ने अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

### कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सीईओ जिला पंचायत ने सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक निराकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# ग्राम पंचायतों में शुरू हुए नि :शुल्क प्याऊ

▸ **भीषण गर्मी में नागरिकों को मिलेगी राहत**

**अनूपपुर, नवभारत 21 अप्रैल।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आमजन को राहत देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में राहगीरों के लिए निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था शुरू की गई है। इस पहल के तहत ग्राम पंचायत निगरानी, चंगेरी एवं बगहाटोला के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और मुख्य मार्गों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं, जहां से राहगीर, श्रमिक और स्थानीय ग्रामीण आसानी से ठंडा पेयजल प्राप्त कर सकेंगे। इन स्थानों का चयन ऐसे क्षेत्रों में किया गया है जहां आवागमन अधिक रहता है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।




### स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की उपलब्धता लगातार बनी रहे और किसी प्रकार की कमी नहीं हो। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्याऊ स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा जल-पात्रों और मटकों की नियमित सफाई की जाए। इस जनहितकारी पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को लू और निर्जलीकरण से बचाना है।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur (M.P.) Email-cmokotma@mpurban.gov.in (07658)233260

क्रमांक-1086/न.पा. / लो.नि./ नि.सू./2026-27 **निविदा सूचना** कोतमा, दिनांक 17/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु इच्छुक सप्लायर/ फर्म से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_501438_1 Date - 17/04/2026 | 02 सीटर एफ.आर.पी. पैडल स्पीड बोट क्रय। | 01 माह 262712.00 | 2000.00 2630.00 | 04/05/2026 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कोतमा**
**जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**